जहां भुत प्रेत से भक्तो को मिलता छुटकारा

जहां भुत प्रेत से भक्तो को मिलता छुटकारा,
ये है मेहंदीपुर वाला ये है घाटे वाला,
सारी दुनिया में ही अलबेला ये धाम निराला,
ये है मेहंदीपुर वाला ये है घाटे वाला,

भुत प्रेत थर थर कांपे बाला जी के नाम से,
रोग भय दूर से कांपे बाला जी के धाम से,
भूतो का थाने दार सारे जग का रखवाला,
ये है मेहंदीपुर वाला ये है घाटे वाला,

प्रेतराज भेरो संग में बाला जी विराजे है,
सिंदूरी चोला तन पे बाला जी के साजे है,
माँ अंजनी का है लाल प्रभु श्री राम का प्यारा,
ये है मेहंदीपुर वाला ये है घाटे वाला,

इक बार जो भी बाबा दर पे तेरे आता है,
दुःख दूर होते पल में मुरादे वो पाता है,
श्री बाला जी के नाम का है लगता जैकारा,
ये है मेहंदीपुर वाला ये है घाटे वाला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13423/title/jaha-bhoot-pret-se-bhakto-ko-milta-chutkaara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |